# BABA PSYCHQ

(A Unit of Kamal Lok Kalyan Samiti)

Follow us on

22 July 2023




B.N. Dubey
Director

# DAILY CURRENT AFFAIRS

## GK BOOSTER

SSC | BANK | RAILWAY | AIRFORCE

NAVY | NDA | पुलिस | Other Competitive Exam


Save this Number
9431436233
For Daily Current Affairs /PDF Notes/Job Notifications

Address : Dalluchak, Near Dr. Keshav Babu's Clinic, Khagaul, Patna

Contact : 9431436233, 9304291333

## 22 जुलाई का इतिहास

- **1981 :** भारत के पहले भूस्थिर उपग्रह एप्पल ने कार्य करना प्रारंभ किया।
- **1999 :** अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा समान कार्य के लिए समान पारिश्रमिक की कार्य योजना लागू हुई।
- **1918 :** भारत के पहले पायलट इंद्रलाल राय लंदन के आसपास जर्मनी के विमानों के साथ संघर्ष में मारे गये थे।
- **2005 :** आतंकवादी होने के संदेह में लंदन पुलिस ने निर्दोष ब्राजीली नागरिक जीन चार्ल्स डे मेंसेज को मार गिराया।

## 22 जुलाई से संबंधित करेंट अफेयर्स

- निर्मला सीतारमण ने गांधीनगर में जी-20 के वित मंत्रियों और केंद्रीय बैंक के गवर्नरों की बैठक के दौरान भारत-इंडोनेशिया आर्थिक और वितीय वार्ता शुरू करने की घोषणा की। इस वार्ता का उद्देश्य दोनों देशों के बीच वैश्विक मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करना और आपसी समझ को बढ़ावा देना है। यह साझा हितों पर चर्चा करने और पारस्परिक रूप से लाभकारी मामलों की खोज के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा।
- महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने राज्य के अमरावती में बनने वाले पीएम मित्र टेक्सटाइल पार्क लांच किया हैं। इस पार्क के अमरावती में स्थापित होने से लगभग 2 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा और महाराष्ट्र की पहचान मेगा टेक्सटाइल फार्म के रूप में होगी। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस भी मौजूद रहे। इस टेक्सटाइल पार्क के लांचिंग के मौके पर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि अमरावती में पीएम मित्र टैक्सटाइल पार्क बनने से राज्य की पहचान बढ़ेगी और साथ ही लोगों को रोजगार भी मिलेगा।
- दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे ने एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया क्योंकि यह चार रनवे वाला भारत का पहला हवाई अड्डा बन गया। नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हवाई अड्डे के चौथे रनवे का उद्घाटन किया, जिससे इसकी थ्रुपुट क्षमता प्रति दिन लगभग 1400-1500 हवाई यातायात आंदोलनों से बढ़कर प्रति दिन लगभग 2000 हवाई यातायात आंदोलन हो गई।
- आर चिंदबरम और सुरेश गंगोत्रा द्वारा लिखित इंडिया राइजिंग मेमोयर ऑफ ए साइंटिस्ट नामक एक पुस्तक जो भारत के अग्रणी वैज्ञानिकों में से एक डॉ. आर. चिंबदरम के जीवन को दर्शाती है, जिन्होंने नवंबर 2001 से मार्च 2018 तक भारत सरकार के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार और कैबिनेट की वैज्ञानिक सलाहकार समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। भारत के सबसे प्रतिष्ठित प्रयोगात्मक भौतिकविदों में से एक के रूप में डॉ. चिंदबरम ने बुनियादी विज्ञान और परमाणु प्रौद्योगिकी के कई पहलुओं में उत्कृष्ट योगदान दिया है।
- ऑस्ट्रेलिया का विक्टोरिया राज्य 2026 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी नही करेगा। अनुमान से अधिक व्यय के कारण यह खेलों की मेजबानी नही करेगा। विक्टोरिया राज्य के प्रीमियर डैन एंड्रयूज के अनुसार खेलो की लागत राज्य को होने वाले अनुमानित आर्थिक लाभ से दोगुनी से भी अधिक हो रही थी। एंड्रयूज के अनुसार खेलों की लागत 2.6 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर के बजट से 7 बिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर से अधिक हो सकती हैं। 2026 के खेल 17 मार्च से 29 मार्च तक विक्टोरियन शहरों जिलॉन्ग, बेंडिगो, बल्लारत, गिप्सलैंड और शेपार्टन में होने वाले थे।
- केंद्रीय गृह मंत्री ने नई दिल्ली में ड्रग तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर क्षेत्रीय सम्मेलन की अध्यक्षता की। अमित शाह की मौजूदगी में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स के समन्वय से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो द्वारा भारत के विभिन्न हिस्सों में 2378 करोड़ रूपये मूल्य के 1.40 लाख किलोग्राम से अधिक नशीले पदार्थ नष्ट किए गए। सरकार का लक्ष्य देश की आजादी की शताब्दी मनाए जाने तक भारत के युवाओं को नशा मुक्त बनाना हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ड्रग तस्करी के खिलाफ अभियान चला रहा है।
- भारत की प्रसिद्ध फिनटेक दिग्गज और अग्रणी फुल-स्टैक पेमेंट्स और बिजनेस बैंकिंग प्लेटफॉर्म, रेजरपे ने मलेशियाई बाजार के लिए अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय भुगतान गेटवे के संबंध में एक महत्वपूर्ण घोषणा की है, क्योंकि इसने 20 मिलियन डॉलर में मलेशियाई फिनटेक स्टार्ट अप कर्लेक का अधिग्रहण किया है। इसे कर्लेक बाय रेजरपे के रूप में पुनः ब्रांड किया गया हैं। कर्लेक पेमेंट गेटवे की शुरूआत का उद्देश्य स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय भुगतान गेटवे के बीच अंतर को पाटना है, साथ ही उभरते बाजारों में प्रचलित अद्वितीय डिजिटल भुगतान चुनौतियों का भी समाधान करना है।
- जम्मू-कश्मीर ग्रामीण आजीविका को केंद्र शासित प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों के लिए विपणन के अवसर बनाने में उत्कृष्ट प्रयासों के लिए गोल्ड श्रेणी में स्टेट ऑफ गवर्नेस इंडिया 2047 थीम के तहत स्कॉच पुरस्कार मिला हैं। जेकेआरएल को यह पुरस्कार यू. टी. में स्वयं सहायता समूह के लिए विपणन के अवसर बनाने में अपने उत्कृष्ट प्रयासों के लिए मिला है।

# BABA PSYCHO

## राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय करेंट अफेयर्स

**1. पाई अनुमान दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) 15 जुलाई (B) 18 जुलाई
(C) 20 जुलाई (D) 22 जुलाई

**(D)** हर साल 22 जुलाई को पाई अनुमान दिवस मनाया जाता है। जब दिन/माह प्रारूप में प्रस्तुत किया जाता है, तो इस दिन को 22/7 के रूप में दर्शाया जाता है जो पाई का एक सामान्य अनुमान है। इसे केवल एक मजेदार दिन के रूप में मनाया जाता है और इसका उद्देश्य कई महत्वपूर्ण गणितीय और भौतिकी सूत्रों में उपयोग किए जाने वाले इस महत्वपूर्ण गणितीय स्थिरांक की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित करना है।




**2. हाल ही में राजस्थान युवा महोत्सव 2023 के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन कब से होगा ?**

(A) 20 जुलाई (B) 22 जुलाई
(C) 28 जुलाई (D) 30 जुलाई

**(B)** हाल ही में राजस्थान युवा महोत्सव 2023 का शुभारंभ होगा। 22 जुलाई से ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। 1 अगस्त से 10 अगस्त तक जिला स्तरीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं चलेगी। राजस्थान युवा बोर्ड के सचिव कैलाश पहाड़िया ने बताया कि आगामी दिनों विधान सभा सत्र होने की वजह से आयोजन की तिथियों में परितर्वन किया गया हैं।



**3. राष्ट्रीय अभिभावक दिवस हर साल कब मनाया जाता है ?**

(A) जुलाई माह के पहले रविवार को
(B) जुलाई माह के दूसरे रविवार को
(C) जुलाई माह के तीसरे रविवार को
(D) जुलाई माह के चौथे रविवार को

**(D)** राष्ट्रीय अभिभावक दिवस जुलाई माह के चौथे रविवार को मनाया जाता है। और 2023 में यह 22 जुलाई को पड़ता है। इसलिए इस वर्ष राष्ट्रीय अभिभावक दिवस 22 जुलाई को मनाया जाता है। यह दिन उन सभी माता-पिता को सम्मानित करने के लिए मनाया जाता है जो बच्चों के जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अपने बच्चों के प्रति उनके निस्वार्थ प्रेम और बलिदान को मापा नही जा सकता।




**4. विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो का आयोजन कहां किया जा रहा है ?**

(A) वाराणसी (B) जोधपुर
(C) भुवनेश्वर (D) नई दिल्ली

**(A)** दुनिया के बड़े मंदिरों का सम्मेलन 22 से 24 जुलाई के बीच काशी में किया जाएगा। 22 से 24 जुलाई 2023 तक विश्व का सबसे बड़ा अंतर्राष्ट्रीय मंदिर सम्मेलन और एक्सपो का आयोजन वाराणसी के रूद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में किया जाएगा। इसमें 25 देशों के 450 से ज्यादा मंदिरों के पदाधिकारी हिस्सा लेंगे।



**5. हाल ही में किस राज्य के परिवहन विभाग ने अंतर-राज्य चेकपोस्ट पर कैशलेस भुगतान की शुरूआत की है ?**

(A) बिहार (B) राजस्थान
(C) आंध्रप्रदेश (D) हिमालच प्रदेश

**(C)** आंध्रप्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए अंतर-राज्य चेक पोस्ट पर कैशलेस भुगतान की शुरूआत की अमरावती आंध्रप्रदेश परिवहन विभाग ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए अंतर राज्य चेक पोस्टों पर एक एकीकृत भुगतान इंटरफेस भुगतान प्रणाली शुरू की है।



**6. हाल ही में अडानी समूह ने कहां भारत की पहली अंतर्राष्ट्रीय बिजली परियोजना शुरू की है ?**

(A) मध्यप्रदेश (B) उत्तर प्रदेश
(C) झारखंड (D) छत्तीसगढ़

**(C)** झारखंड के गोड्डा में अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल पावर प्लांट पूरे लोड के साथ शुरू हो गया हैं। इससे बांग्लादेश को बिजली आपूर्ति की जाएगी। गौतम अडानी ने बताया कि 1600 मेगावाट के अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल गोड्डा पावर प्लांट के फुल लोड के साथ प्रारंभ होने और हैंडओवर पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना से मुलाकात करके सम्मानित महसूस कर रहा हूँ।




**7. हाल ही में चर्चित रेडियो कॉलर शब्द किससे संबंधित है ?**

(A) जीपीएस सक्षम डिवाइस (B) ब्लूटूथ डिवाइस
(C) एआई बैंड (D) इंफ्रारेड डिवाइस

**(A)** हाल ही में चीतों की मौत के बाद कूनो नेशनल पार्क में चीतों के गले से रेडियो कॉलर हटाने का उपाय सुझाया गया हैं। रेडियो कॉलर जीपीएस-सक्षम कॉलर है, जो इसे पहनने वाले किसी भी जीव के स्थान से संबंधित जानकारी साझा कर सकती हैं। कभी-कभी किसी जीव की वास्तविक समय में क्रियाविधि समझने के लिए इस कॉलर से एक्सेलेरोमीटर भी जुड़ा होता है।



**8. हाल ही में किसे उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है ?**

(A) संजय पांडे (B) जीके सतीश
(C) अरविंद कुमार (D) इनमें से कोई नहीं

**(C)** उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के नवनियुक्त चेयरमैन सेवानिवृत्त आईएएस अरविंद कुमार को आयोग के चेयरमैन का पदभार संभाल लिया। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा ने उन्हें आयोग परिसर में चेयरमैन पद की शपथ दिलाई। मुख्य सचिव ने अरविंद कुमार को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश का हर गांव और शहरी क्षेत्र बिजली से रोशन हुआ है।




**9. निम्न में से किस स्थान पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भूमि सम्मान 2023 प्रदान किए गए ?**

(A) जयपुर (B) लखनऊ
(C) पटना (D) नई दिल्ली

**(D)** विज्ञान भवन नई दिल्ली में 9 राज्य सचिवों और 68 जिला कलेक्टरों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा भूमि सम्मान 2023 दिए गए। उन्होंने डिजिटल इंडिया भूमि अभिलेख आधुनिकीकरण कार्यक्रम शासन का मूल के मुख्य घटकों के लिए संपूर्णता प्राप्त करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हैं।



**10. हाल ही में चर्चित रूल ऑफ ओरिजिन शब्द किससे संबंधित है ?**

(A) CAROTAR नियम (B) GATT नियम
(C) OECD नियम (D) APEC नियम

**(A)** हाल ही में भारत-यूके मुक्त व्यापार समझौते की वार्ता के दौरान बौद्धिक संपदा अधिकार, वैश्विक मूल्य श्रृंखला और रूल और ओरिजिन से जुड़े व्यापार समझौते के मुद्दों पर चर्चा की गई है। रूल ऑफ ओरिजिन किसी उत्पाद के राष्ट्रीय स्त्रोत को निर्धारित करने के लिये आवश्यक मानदंड है।

